# हर्ष मांडोत एवं उनकी टीम के शपथ ग्रहण का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

तेरापंथ किशोर मंडल विजयनगर के नव मनोनीत संयोजक हर्ष मांडोत एवं उनकी नव मनोनीत टीम के शपथ ग्रहण का आयोजन साध्वी सिद्धप्रभा जी के सानिध्य में विजयनगर स्थित मीठा जीवन में सम्पन्न हुआ।

विजय स्वर संगम की टीम द्वारा मंगलाचरण किया गया। अभातेयुप उपाध्यक्ष प्रथम पवन मांडोत ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया। परिषद अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

तेयुप हनुमंतनगर एवं यशवंतपुर टीम ने भी साध्वी के सानिध्य में पद की गोपनियता की शपथ ली। तत्पश्चात कमलेश चोपड़ा ने किशोरमंडल संयोजक हर्ष मांडोत को शपथ दिलायी। इसके पश्चात हर्ष मांडोत ने सेवा संस्कार संगठन के सह संयोजक के रूप में दर्शन बाबेल, रिशित छाजेड़, चेतन गांधी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर साध्वी ने मंगल आशीर्वचन देते हुए नव मनोनीत टीम को शुभकामनाएं संप्रेषित की एवं फरमाया की नई टीम को विनय के साथ सबको साथ ले कर चलना है। हमें पूरी युवा शक्ति को परिषद में जोड़कर नये नये कार्यों को सम्पादित करना है। आध्यात्मिकता की तरफ युवा शक्ति को ले जाना है और चातुर्मास में युवकों को ज्यादा से ज्यादा धर्म लाभ लेने की प्रेरणा दी। अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने नई टीम को शुभमंगलकामना सम्प्रेषित करते हुए विजयनगर के किशोरों को नयी ऊँचाइयाँ प्रदान करने के साथ नई टीम के प्रति मंगलकामना प्रेषित की।

शपथ समारोह के आयोजन में अभातेयुप परिवार, तेयुप विजयनगर के पूर्व अध्यक्ष, तेरापंथ युवक परिषद प्रबंध मंडल में उपाध्यक्ष प्रथम विकास बाँठिया, मंत्री संजय भटेवरा, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा एवं संगठन मंत्री पंकज कोचर, क्षेत्रीय तेयुप परिषद पदाधिकारी, तेरापंथी सभा, महिला मंडल, ज्ञानशाला, तेयुप विजयनगर के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। संचालन तेयुप निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने किया।

# एकल के रंग भारत के संग का आयोजन 21 को



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

वनबंधु परिषद बेंगलूरु चैप्टर, महिला चैप्टर एवं एकल श्रीहरि वनवासी फाउंडेशन बेंगलूरु चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में वनवासी समाज के प्रतिभाशाली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम एकल के रंग – भारत के संग का आयोजन 21 जुलाई को आरवी डेंटल कॉलेज ऑडिटोरियम, जेपी नगर में शाम 4 बजे से किया जा जायेगा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे वनवासी समाज के प्रशिक्षित प्रतिनिधि कथाकारों के दल ने अमेरिका सहित विश्व के अन्य देशों में भगवान श्री राम, श्री कृष्ण तथा राष्ट्रभक्ति व लोक गीतों पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं द्वारा 60 से अधिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी। तीन महीने के अल्प प्रवास में भारत के रंग एकल के संग के नाम से अनुष्ठित कार्यक्रमों के लिए इन कथाकारों ने अमेरिका में औसतन 316 किलोमीटर की दूरी प्रतिदिन तय की। इनकी प्रस्तुतियों को अमेरिका में बहुत लोगों ने देखा और मुक्तकण्ठ से सराहना की। स्वदेश वापसी के पश्चात इस दल के सदस्य भारतवर्ष के विभिन्न प्रान्तों में अपनी विशिष्ट प्रस्तुतियों की कड़ी में आगामी 21 जुलाई को बेंगलूरु में पधार रहे हैं। भारत के रंग एकल के संग कार्यक्रम की मनभावन प्रस्तुति दर्शकों को निश्चित ही ईश्वर और राष्ट्र के प्रति श्रद्धा के लिए प्रेरित करेगी। इसकी तैयारी को लेकर एक बैठक वनबंधु परिषद के बेंगलूरु कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें प्रोग्राम टीम कन्वेनर विमल सरावगी, रेखा अग्रवाल, साउथ जोन अध्यक्ष, रमेश अग्रवाल, चैप्टर अध्यक्ष हाथीमल बैद, सचिन पांडिया, सुरेश पारीक, महिला चैप्टर के संरक्षक सीता गोयल, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, उपाध्यक्ष सत्यबाला अग्रवाल और एफटीएस युवा से प्रितेश बुरड़, पवन राजलीवाल एवं श्रीहरि वनवासी फाउंडेशन की सचिव पूजा पांडिया एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# धर्म सुनने के लिए मन की सफाई जरूरी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन श्रावक संघ, अलसूर के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन में विनय मुनि खींचन ने कहा कि धर्म सुनने के लिए मन की सफाई जरूरी हैं। हमारे आस पास कषायों के ढेर हैं और ऐसे वातावरण में धर्म आचरण में नही उतर सकता हैं। आज दूसरों को उपदेश और दूसरों को सुधारने की होड़ लगी हुई हैं। धर्म तो आत्मा का विषय है और स्वयं के उद्धार का मार्ग है। विनय मुनि ने कहा कि आज हम शहरी वातावरण के अभ्यस्त हो गए हैं। परंतु वह समय भी आएगा जब शहरी जीवन से हम उब जाएंगे। यहां हवा पानी भोजन सब अशुद्ध हो गए हैं। प्रवचन के अंत में अलसूर श्रावक संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने सभा को बताया कि आज ही विनय मुनि जी कि माता पापा बाई का 16वां स्मृति दिवस है। पापा बाई ने धीरज कंवर जी एवं विनय मुनि जी को जिन शासन को समर्पित किया था। विनय मुनि जी का सोमवार का प्रवचन कृष्णराज पुरम में होगा। चतुर्मास गणेश बाग में होगा।

# साध्वी अरिहंतप्रभा का मंगल चातुर्मासिक प्रवेश



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ चिकपेट में रविवार को आचार्य श्री हेमप्रभसूरीश्वरजी के विनयवान शिष्यरत्न विश्व प्रसिद्ध गिरीविहार संस्था मार्गदर्शक सत्वशाली प्रवचनकार, गुरु कृपा-पात्र ग च छ ा ि ध प ि त विज्ञानप्रभसूरीश्वरजी, प्रवर्तक मुनिराज बोधिप्रभविजयजी, मुनिराज निर्मोहप्रभविजयजी एवं महाराष्ट्र दिपिका साध्वी यशप्रभाश्रीजी की सुशिष्या वर्धमान तपोनिधी साध्वी श्री अरिहंतप्रभाश्रीजी का मंगल चातुर्मास प्रवेश बड़े ठाट बाँट एवं ढोल नगाड़ों के साथ हुआ। सामैया में श्री आदिनाथ सेवा मंडल, अर्हम् ग्रुप, श्री ऋषभ संस्कार वाटिका के छात्र व टीचर्स के अलावा अर्हम् कन्या महिला ग्रुप, श्री लब्धिसूरि जैन पाठशाला के छात्र, सरगम मंडल, श्राविका मंडल, भंडारी स्कूल के छात्र व टीचर्स के साथ अनेक महिला मंडल मौजूद थे।

## सत्र शुरू होने से पहले सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों से की बातचीत



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने सरकार की विकास गतिविधियों पर सटीक और विश्वसनीय जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के लिए अनुकूल माहौल बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गृह कार्यालय कृष्णा में मुख्य शासन सचिव रजनीश गोयल के अलावा विभिन्न विभागों के उप मुख्य सचिवों, सचिवों, आयुक्तों एवं निदेशकों के साथ महत्वपूर्ण मंत्रणा की। इस सत्र में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सीएम ने कहा विपक्षी दल कुछ विवाद खड़ा कर आलोचना कर सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अतीत और वर्तमान के किसी भी मामले की व्यापक जानकारी संबंधित मंत्री को तुरंत उपलब्ध हो। यह सुझाव दिया गया है कि अतीत में हुई सभी चर्चाओं और आदेशों को खुले तौर पर और पारदर्शी रूप से मंत्री के ध्यान में लाया जाना चाहिए। सत्र में राज्य की वित्तीय स्थिति, गारंटी योजनाएं, कार्यक्रमों की प्रगति, बजट घोषित योजनाओं के कार्यान्वयन आदेश सहित हर मुद्दे को मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि गलत जानकारी देकर सदन में शर्मिंदगी का माहौल पैदा किया गया तो संबंधित विभाग के प्रमुख जिम्मेदार होंगे। सुझाव दिया गया कि पेयजल समस्या और दूषित पानी समेत गंभीर समस्याओं को लेकर तत्काल कदम उठाए जाएं।

# विघ्न हरता होता है भक्तामर जप : साध्वी उदितयशा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदूषी शिष्या साध्वी उदितयशा जी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद एवं महिला मंडल गांधी नगर बेंगलूरु के संयुक्त तत्वावधान में भक्तामर स्त्रोत्र जप का आध्यात्मिक अनुष्ठान सजोड़े नेहरू नगर महाविदेह मिलन अपार्टमेंट में कराया गया।

जिसका शुभारंभ करते हुए साध्वी उदितयशा जी ने भक्तांबर जप के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साध्वी भव्य यशाजी एवं साध्वी शिक्षा प्रभाजी ने भक्तामर स्त्रोत रचियता आचार्य मांगतुंग पर भावपूर्ण गीतिका के द्वारा सभी साधकों को तम्मुत्ति तन्मय बना दिया। साध्वी भव्य यशाजी ने साधकों को नमस्कार महामंत्र से सुदृढ़ कवच बनाने की विधि बताई।

साध्वी संगीतप्रभाजी ने भक्तामर स्त्रोत जप का अनुष्ठान पूरे ही तन्मयता से करवाया। साध्वी उदितयशाजी ने शास्त्रों तथा गुरु गम्य ज्ञान के आधार पर मंत्र विधि के कई रहस्य प्रकट किये। उन्होंने रोचक तरीके से बताया कि किस तरह 8 स्वर मिलकर के एक मंत्र की रचना होती हैं। नेहरू नगर श्रावक समाज की ओर से जसवंतराज गादिया ने साध्वी वृन्द के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष विमल धारीवाल, रजत बैद, मनीष भंसाली, राकेश चौरड़िया, प्रतीक जोगड़, संस्कारक विक्रम दूगड़ एवं महिला मंडल कार्यक्रम संयोजक नीता गादिया एवं 25 संजोड़ों सहित कुल 110 के लगभग साधकों की उपस्थिती रही।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *विश्व चेतना कल्चरल ट्रस्ट द्वारा हंपी नगर स्थित ग्रंथालय में आयोजित राज्य स्तरीय नृत्य स्पर्धा कार्यक्रम में बाल प्रतिभाओं का मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने उत्साह वर्धन किया।*

# केएसआरटीसी कुशल, पर्यावरण अनुकूल अंतर-शहरी यात्रा के लिए 300 इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

स्थायी सार्वजनिक परिवहन के उद्देश्य से एक प्रमुख कदम उठाते हुए, कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) ने पूरे राज्य में 300 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना की घोषणा की है। केएसआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, यह पहल, पट्टे की व्यवस्था का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अंतर-शहरी परिवहन प्रणाली की दक्षता और पर्यावरण अनुकूलता को बढ़ाना है। केएसआरटीसी ने इन बसों के लिए एक निविदा जारी की है, जो 12 साल की अवधि में सकल लागत अनुबंध (जीसीसी) मॉडल के तहत संचालित होंगी। 300 इलेक्ट्रिक बसों में से 205 12-मीटर गैर-वातानुकूलित अंतर-शहरी मॉडल होंगी, जिनमें बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त, 75 डीलक्स अंतर-शहरी बसें, जो एयर कंडीशनिंग और रिक्लाइनिंग सीटों से सुसज्जित होंगी, शुरू की जाएंगी। अधिकारियों ने कहा कि शेष 20 गैर-वातानुकूलित शहरी बसें होंगी, जिनमें बैठने की व्यवस्था होगी। केएसआरटीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन बसों का उपयोग बेंगलूरु और मेंगलूरु तथा मैसूरु जैसे अन्य शहरों से अंतर-शहर मार्गों पर किया जाएगा। जनवरी 2023 में, केएसआरटीसी ने इवी पावर प्लस के नाम से ब्रांडेड इंटरसिटी एसी इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा लॉन्च किया। जीसीसी मॉडल के तहत शामिल की गई ये 50 ई-बसें वर्तमान में बेंगलूरु से मैसूरु, मदिकेरी, विराजपेट, शिवमोग्गा, दावणगेरे और चिकमगलूरु सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए रूट पर सेवा दे रही हैं। फेम 2 पहल के तहत, केएसआरटीसी एक निजी ऑपरेटर के साथ सहयोग करता है जो एक दशक तक बस संचालन का प्रबंधन करता है। केएसआरटीसी परिचालन लागत के लिए निजी ऑपरेटर को 55 प्रति किलोमीटर की दर से मुआवजा देता है। इवी पावर प्लस की तरह, इन 300 इलेक्ट्रिक बसों को भी लीज मॉडल के तहत शामिल किया जाएगा जिसमें केएसआरटीसी कंडक्टर उपलब्ध कराएगा जबकि एक निजी फर्म ड्राइवरों की भर्ती, बस संचालन, रखरखाव और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना को संभालेगी। फर्म को भुगतान प्रति किलोमीटर की दर से किया जाएगा। केएसआरटीसी द्वारा निर्धारित परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार प्रत्येक बस को प्रतिदिन 250 किलोमीटर की दूरी तय करनी चाहिए और एक बार चार्ज करने पर कम से कम 180 किलोमीटर की दूरी तय करनी चाहिए। अधिकारी ने कहा हमारे द्वारा उठाए गए इस रणनीतिक कदम से कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आने और इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल करके कर्नाटक में हरित यात्रा विकल्पों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हाल ही में, केएसआरटीसी ने अपने बेड़े में नई ऐरावत क्लब क्लास और ऐरावत स्लीपर बसें जोड़ने के लिए एक निविदा जारी की थी, जिसका उद्देश्य लंबी दूरी के यात्रियों के आराम को बढ़ाना है। यह कदम ऐरावत लाइनअप में लगभग पांच साल तक कोई नई बस नहीं जोड़े जाने के बाद उठाया गया है।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी की प्रतिक्रिया में तेजी लाएं बैंक



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

शहर के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने सभी बैंकों को ऑनलाइन मनी धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस विभाग को लेनदेन डेटा तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि जांच में तेजी लाई जा सके और अपराधियों को तुरंत पकड़ा जा सके।

अग्रवाल ने आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र के तहत बैंक अधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाई, जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों के दौरान लेनदेन के विवरण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिसमें कभी-कभी देरी हो जाती है। उन्होंने बैंक अधिकारियों से इस मुद्दे को प्राथमिकता देने का आग्रह किया, धोखाधड़ी करने वालों के खातों को ब्लॉक करने में समय पर सूचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। अग्रवाल ने कहा ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में, पुलिस के लिए धोखाधड़ी करने वालों के खातों को तेजी से ब्लॉक करना अनिवार्य है।

# वाल्मीकि निगम की अवैधता के आरोपी विधायक बसनगौड़ा दद्दल फरार

### ईडी ने तलाश की तेज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के अवैध धन हस्तांतरण घोटाले में आरोपी विधायक बसन गौड़ा दद्दल के बारे में कहा जाता है कि वे पश्चिम बंगाल या हैदराबाद भाग गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फरार दद्दल का पता लगाने के लिए जाल बिछा दिया है। निगम के धन के अवैध हस्तांतरण के मामले में बसनगौड़ा दद्दल शुक्रवार को एसआईटी के सामने पेश हुए। एसआईटी अधिकारियों ने सोमवार को दोबारा पूछताछ के लिए आने का निर्देश दिया था। फिर वह गायब हो गए।

ईडी के अधिकारियों ने उनके विधानसभा क्षेत्र और बेंगलूरु के येलहंका में उनके आवास और कार्यालय की तलाशी ली, लेकिन वह नहीं मिले। ऐसा संदेह है कि वह हैदराबाद गए और वहां से वह पश्चिम बंगाल चए गए। ईडी उन्हें गिरफ्तार करने के लिए इसी रास्ते पर चल रही है। मंगलवार और बुधवार को ईडी के अधिकारियों ने दद्दल के यलहंका और रायचूर स्थित आवास पर छापेमारी की और कई महत्व-पूर्ण दस्तावेज जब्त किये। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड (केएमवीएसटीडीसी) में करोड़ों रुपये के घोटाले के सिलसिले में शनिवार को एक विशेष अदालत ने पूर्व राज्य मंत्री बी. नागेंद्र को 18 जुलाई तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया था। जब उन्हें विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट के समक्ष पेश किया गया, तो नागेंद्र ने कहा कि उन्हें कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, जिसके बाद न्यायाधीश ने ईडी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूछताछ के दौरान उन्हें 30 मिनट का आराम दें और हर दिन उनकी मेडिकल जांच करें। ईडी के अधिकारियों ने 40 घंटे की छापेमारी के बाद शुक्रवार को नागेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, राज्य भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि मामला केवल नागेंद्र की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगा क्योंकि इसमें बड़े लोग शामिल हैं और उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। शुक्रवार को ईडी द्वारा पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि बी. नागेंद्र को हिरासत में लेना अनावश्यक था क्योंकि एसआईटी पहले से ही मामले की जांच कर रही है। सीबीआई भी मामले की जांच कर रही है। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने घोटाले के सिलसिले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी, बोर्ड के अधिकारी, बिचौलिए और नागेंद्र तथा केएमवीएसटीडीसी के चेयरमैन और कांग्रेस विधायक बसनगौड़ा दद्दल के सहयोगी शामिल हैं। बोर्ड के एक वरिष्ठ कर्मचारी चंद्रशेखरन द्वारा यह कदम उठाए जाने के बाद कथित अनियमितताएं सामने आईं। मौत के नोट में चंद्रशेखरन ने एक मंत्री की भूमिका और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए बड़ी धनराशि के अवैध हस्तांतरण का उल्लेख किया है।

### सरकार ने सामान्य स्थानांतरण से पहले

# 68 प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्कूल शिक्षा एवं सा-क्षरता विभाग ने 68 सरकारी प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों को विभिन्न विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर भेजा और हाल ही में इस आशय का आदेश जारी किया। यह तब हुआ है जब प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों के वार्षिक सामान्य स्थानांतरण के लिए काउंसलिंग 19 जुलाई से शुरू होने वाली है। काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होने से पहले इतने सारे शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति ने कई शिक्षकों की नाराजगी को जन्म दिया है। विपक्षी भाजपा और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के एमएलसी ने आगामी विधानमंडल सत्र में इस मुद्दे को उठाने का फैसला किया है। प्रतिनियुक्ति पर तैनात किए गए 68 शिक्षकों में से 48 महिलाएं हैं। प्रतिनियुक्ति के लाभार्थियों में से कई को शिवमोग्गा जिले में तैनात किया गया है, जो प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री मधु बंगरप्पा का गृह जिला है। यह अवैध नहीं हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से अनैतिक है। इस साल सामान्य तबादलों के दौरान तबादला होने की उम्मीद कर रहे एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने कहा यह कर्नाटक राज्य सिविल सेवा (शिक्षकों के तबादले का विनियमन) अधिनियम, 2007 की भावना को प्रभावी रूप से खत्म कर देता है। इससे पहले, गंभीर बीमारियों जैसे दुर्लभ मामलों में शिक्षकों के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और सार्वजनिक निर्देश के उप निदेशक स्तर पर प्रतिनियुक्ति की जाती थी। मुख्यमंत्री के विवेक के अनुसार कुछ तबादले या प्रतिनियुक्ति भी की जाती थी। हालांकि, यह पहली बार है जब विभाग के प्रधान सचिव के कार्यालय द्वारा 68 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। हालांकि, राज्य सरकार के सूत्रों ने प्रतिनियुक्ति का बचाव करते हुए तर्क दिया कि केवल गंभीर समस्याओं वाले शिक्षकों को मानवीय आधार पर प्रतिनियुक्त किया गया है। हालांकि, कई शिक्षकों का तर्क है कि सामान्य स्थानांतरण दिशानिर्देशों में भी यही विचार शामिल हैं और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऐसा किया जा सकता था। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जेडी(एस) एमएलसी एसएल भोजे गौड़ा ने कहा कि वह आगामी सत्र के दौरान परिषद में इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा भले ही शिक्षक को अभी प्रतिनियुक्त किया गया हो, लेकिन काउंसलिंग के दौरान पद को रिक्त दिखाया जाना चाहिए। यदि उस पद के लिए कोई अन्य शिक्षक चुना जाता है, तो प्रतिनियुक्त शिक्षक को अपने मूल स्थान पर वापस जाना चाहिए। हालांकि, हम नहीं जानते कि शिक्षकों के स्थानांतरण काउंसलिंग के लिए कुछ ही दिन शेष होने पर यह प्रतिनियुक्ति किस आधार पर की गई।

# तुकाराम के मन में समाज के प्रति सम्मान है तो तुरंत अपने पद से दें इस्तीफा : बंगारू हनुमंतु



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बंगारू हनुमंतु ने रविवार को कहा कि अगर सांसद ई. तुकाराम के मन में समाज के प्रति सम्मान और चिंता है तो उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय, जगन्नाथ भवन में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर तुकाराम ने इस्तीफा नहीं दिया, तो एसटी मोर्चा और समाज की ओर से लगातार संघर्ष किया जाएगा।

वाल्मीकि निगम के घोटाले से निकाली गई लगभग 30 से 40 करोड़ की धनराशि का उपयोग बेल्लारी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आयी। उन्होंने यह भी आलोचना की कि अवैध रूप से वाल्मीकि निगम के पैसे का गबन किया गया और इसका इस्तेमाल चुनाव के लिए किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ई. तुकाराम ने घरों में पैसे बांटे और चुनाव पर 50 से 60 करोड़ रुपये खर्च किये।

मुख्यमंत्री और केपीसीसी अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों को जिताने के लिए संबंधित जिलों के मंत्रियों को टास्क दिया था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मंत्री नागेंद्र ने उस कार्य के तहत निगम के पैसे का उपयोग चुनाव में किया था। उन्होंने घो-षणा की कि एसटी मोर्चा इस अवैधता को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत करेगा। निगम के अध्यक्ष बसवराज दद्दल झूठ बोल रहे हैं कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। अब उन्होंने एसआईटी के सामने सरेंडर कर दिया है।

हालांकि सिद्धरामैया, डीके शिवकुमार ने दद्दल का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। उन्होंने इस्तीफा इसलिए स्वीकार नहीं किया क्योंकि इससे पार्टी को शर्मिंदगी होती। उन्होंने उन्हें भ्रष्ट बताते हुए आलोचना करते हुए कहा कि दद्दल के परिवार ने करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति खरीदी है। उन्होंने मांग की कि दद्दल को न सिर्फ इस्तीफा देना चाहिए, बल्कि मुख्यमंत्री को भी इस्तीफा देना चाहिए।

# आज से विधानमंडल सत्र होगा शुरू, भाषण के लिए मंच तैयार

### कई ज्वलंत मुद्दों पर होगी चर्चा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों का सत्र सोमवार से 26 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। कावेरी नदी जल बंटवारा संकट, गारंटी योजना के कार्यान्वयन में देरी, वाल्मीकि विकास निगम का अवैध धन हस्तांतरण, मुडा घोटाला और कई अन्य ज्वलंत मुद्दे दोनों सदनों में गूंजेंगे।

यह सत्र सत्तारूढ़ कांग्रेस और प्रतिद्वंद्वी दलों भाजपा और जेडीएस के बीच वाकयुद्ध का मंच होगा। भाजपा पहले से ही अवैध धन हस्तांतरण और वाल्मीकि विकास निगम और मुडा घोटाले का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि विकास को प्राथमिकता नहीं दी गई है। संभावना है कि विधानसभा और विधान परिषद के सत्र में मुख्य रूप से बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा जारी करने में देरी, पिछले साल के सूखे का मुआवजा देने में देरी, डेंगू की बीमारी का बढ़ना, दूध में बढ़ोतरी जैसे कई मुद्दे उठाये जायेंगे। विपक्ष के हथियारों का मुकाबला करने के लिए सत्ता पक्ष भी जवाबी कदम उठाने को तैयार है। भाजपा का लक्ष्य सत्तारूढ़ काल की खामियों और त्रुटियों को सामने लाकर विपक्ष को शर्मिंदा करना है। सत्र के पहले दिन उन गणमान्य व्यक्तियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की जाएगी जिनका हाल ही में निधन हो गया। इसके बाद आधिकारिक गतिविधियां शुरू होंगी। संभावना है कि मंगलवार से सत्र में विस्तृत चर्चा होगी। लोकसभा चुनाव में गठबंधन करने वाली भाजपा और जेडीएस ने सत्र में भी साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। मुडा घोटाला, वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाला, ट्रांसफर रैकेट, अनुसूचित जाति-जनजाति फंड की हेराफेरी, किसान आत्महत्या मामले आदि कई मुद्दों को सदन में प्राथमिकता से उठाने की तैयारी है। विपक्ष सूखे की समस्या, अनियमित बारिश, डेंगू से मौत, कानून व्यवस्था, दूध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि देने में देरी समेत दर्जनों मुद्दे उठाकर सरकार को चुनौती देने की तैयारी में है। ऐसे में इस मानसून सत्र में कई अहम मुद्दों पर रोशनी पड़ने की उम्मीद है। 9 दिवसीय विधायी सत्र प्रशासन और प्रत्येक पक्ष के बीच बातचीत का एक मंच होगा।

# बारिश का कहर, तटीय और पहाड़ी इलाकों में रेड अलर्ट



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तटीय, मालेनाडु, उत्तर कन्नड़, उडुपी और दक्षिण कन्नड़ जिलों में वरुण का कहर जारी है और इन पांच जिलों में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। उत्तर कन्नड़ जिले के अंकोला, कुमुता, कड़ता, गेरुसोप्पे, होन्नावारा में भारी बारिश जारी है और लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

उडुपी जिले के करकला और कोडागु जिले के बागमंडल में शनिवार को एक ही दिन में 13 सेमी बारिश हुई। लगातार बारिश के कारण पहाड़ी और तटीय इलाकों की सभी सड़कों पर पानी भर गया है, खेतों और फसलों को नुकसान हुआ है। झीलें और नाले उफान पर हैं, निचले इलाकों में पानी घुस गया है और कई जगहों पर लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है।

कावेरी बेसिन में बारिश के कारण, काबिनी, हेमावती, हरंगी, कृष्णराजसागर जलाशयों में प्रवाह की मात्रा अधिकतर अधिक है। अट्टा शिमोगा और मालेनाडु क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण तुंगा और भद्रा जलाशयों में पानी के प्रवाह की मात्रा भी बढ़ गई है। भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर बेलगावी जिले में अगले तीन दिनों के लिए एलो अलर्ट घोषित किया गया है। भारी बारिश के पूर्वानुमान की पृष्ठभूमि में शनिवार को धारवाड़ जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और यादगिर, हावेरी, विजयपुरा, रायचूर, बागलकोट जिलों में येलो अलर्ट की घोषणा की गई है।

शनिवार को बेल्लारी, चित्रदुर्ग, तुमकुरु, विजयनगर जिलों के लिए येलो अलर्ट की घोषणा की गई है। उत्तर कन्नड़, दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में पहले से ही लगातार बारिश हो रही है और आगे भी बारिश की संभावना है।

सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने नदी बेसिन के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तट के किनारे मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। अगले 48 घंटों तक बेंगलूरु शहर और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश होगी।

# फाइनेंस कंपनी को लूटने के प्रयास में तीन गिरफ्तार



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले के बाजपे पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों से 15 लाख रुपये का कीमती सामान जब्त किया है। इन लोगों ने कथित तौर पर बुर्का पहना था, एक फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली महिला पर तेजाब डाला और सोने के गहने लूटने का प्रयास किया। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पहचान बाजपे शांतिगुड्डे निवासी प्रीतेश उर्फ प्रीतू (31), सूरतकल कोडिकेरे निवासी धनराज उर्फ धनु (30) और बाला कुंभलकेरे निवासी कुसुमाकर उर्फ अन्नू (37) के रूप में हुई है। तीनों ने 4 जुलाई की शाम को बाजपे शहर के बीचों-बीच स्थित बाजपे फाइनेंस के कार्यालय में बुर्का पहनकर प्रवेश किया और सोने के गहने लूटने का प्रयास किया। इसके बाद बाजपे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। प्रीतेश के खिलाफ सूरतकल पुलिस स्टेशन में दो और बाजपे पुलिस स्टेशन में एक चोरी का मामला दर्ज है। धनराज पर करकला ग्रामीण पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास के दो और मूडबिद्री पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज है, जबकि कुसुमाकर पर सूरतकल पुलिस स्टेशन में चोरी के दो और बाजपे पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज है। पुलिस ने एक इनोवा कार, एक स्विफ्ट कार और एक स्कूटर जब्त किया है, जिनकी कीमत 15 लाख है।

# वाल्मीकि निगम के पैसे से चुने गये सांसद को पद से अयोग्य घोषित किया जाए: पी. राजीव



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश महासचिव पी. राजीव ने कहा कि भाजपा की मांग है कि वाल्मीकि निगम के पैसे से सांसद चुने गये ई. तुकाराम को सांसद पद से अयोग्य घोषित किया जाए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में रविवार को मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में चुनाव आयोग के समक्ष याचिका दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि अवैध धन से चुने गये इन सांसदों का संसद के अंदर संविधान की प्रति लेकर शपथ लेना नैतिक नहीं है। तुकाराम एक क्षण के लिए भी संसद के अंदर बैठने का नैतिक मूल्य खो चुके हैं। उन्होंने साफ किया कि उनके पास यह योग्यता नहीं है और वह इसे मीडिया के जरिए लोगों के सामने लाएंगे। महर्षि वाल्मीकि विकास निगम घोटाले में शामिल नागेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया गया है, जो अवैधता में शामिल है। अनुसूचित जाति के विकास के लिए आवंटित राशि का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने रिमांड याचिका में बताया कि चुनाव में भी 20 करोड़ 19 लाख रुपये का दुरुपयोग किया गया। लोकसभा चुनाव के लिए नागेंद्र द्वारा एसटी निगम के पैसे का उपयोग करने का क्या कारण है? कांग्रेस प्रत्याशी रहे तुकाराम नागेंद्र के रिश्तेदार भी नहीं हैं। नागेंद्र के भाई, परिवार और बच्चों ने चुनाव नहीं लड़ा। हालांकि, पी. राजीव ने सवाल किया कि क्या नागेंद्र ने केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार और राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की सहमति और मिलीभगत के बिना लोकसभा चुनाव के लिए 20.19 करोड़ रुपये का दुरुपयोग किया था। उन्होंने मांग की कि चुनाव में हुई गड़बड़ी की और गहराई से जांच करायी जाए। उन्होंने चुनाव में गरीबों के पैसे का इस्तेमाल कर जो भी सांसद चुना गया, उसका चुनाव रद्द करने की मांग की।

### मुख्यमंत्री ने सत्र पूर्व बैठक की

# मंत्रियों और अधिकारियों को तैयार होकर आने का दिया निर्देश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने रविवार को मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को सोमवार से शुरू होने वाले नौ दिवसीय विधानसभा सत्र के लिए तैयार होकर आने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र से पहले प्रमुख अधिकारियों के साथ सत्र पूर्व बैठक की, जिसमें उन्होंने विभागीय मुद्दों को संबोधित करने और व्यक्तिगत रूप से सत्र में भाग लेने के लिए मंत्रियों के अच्छी तरह से तैयार होने के महत्व पर जोर दिया। कृष्णा गृह कार्यालय में बैठक के दौरान, सिद्धरामैया ने विभाग के सचिवों से संभावित चर्चा विषयों पर विवरण एकत्र किए और उन्हें प्रासंगिक सहायक डेटा संकलित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी सचिवों और विभागाध्यक्षों को सत्र में बिना चूके भाग लेना चाहिए और चर्चा के दौरान जवाब देने में मंत्रियों की सहायता करनी चाहिए।

# महर्षि वाल्मिकी कॉपरेशन घोटाले के बाद कर्नाटक वक्फ बोर्ड में भी धांधली का खुलासा

**बेंगलूरु / शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक में इन दिनों महर्षि वाल्मिकी कॉपरेशन में हुआ 187 करोड़ रुपये का कथित घोटाला सुर्खियों में बना हुआ है। इस बीच राज्य के वक्फ बोर्ड में भी कथित धांधली के आरोप लगे हैं। इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत बोर्ड के पूर्व सीईओ के खिलाफ दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

कर्नाटक वक्फ बोर्ड के मौजूदा सीईओ मीर अहमद अब्बास ने पूर्व सीईओ जुल्फीकारुल्ला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए चार करोड़ रुपये के फंड की धांधली का आरोप लगाया है। शिकायत पर पूर्व सीईओ पर बोर्ड को आठ करोड़ रुपये का नुकसान करने का आरोप लगाया गया है। बंगलूरू के ग्राउंड पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में कहा गया है कि राज्य सरकार ने गुलबर्गा दरगाह से जुड़ी वक्फ बोर्ड की जमीन ली थी, इसके एवज में 2.29 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।



साथ ही वक्फ बोर्ड को इसके बदले में कर्नाटक सरकार के धार्मिक न्यास विभाग से 1.79 करोड़ रुपये भी मिले थे। इस तरह इंडियन बैंक की बेन्सन टाउन शाखा में चार करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जमा की गई। 26 नवंबर 2016 को ये रकम विजया बैंक में तत्कालीन सीईओ जुल्फीकारुल्ला के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि तत्कालीन सीईओ ने इस रकम की जानकारी वक्फ बोर्ड को नहीं दी थी, जिससे इस रकम पर लगने वाले ब्याज और निवेश की रकम सहित वक्फ बोर्ड को कुल आठ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वक्फ बोर्ड का कहना है कि इस मामले में आरोपी पूर्व सीईओ से जवाब मांगा गया था, लेकिन पूर्व सीईओ इस बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिसके बाद वक्फ बोर्ड ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया।

### बीजेपी के मंत्री बोले-

# पुल गिरने के मामले में नहीं बचेंगे दोषी, उनसे वसूली जाएगी पाई-पाई

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

बिहार में पुल गिरने के मामलों पर विपक्षी दलों के पलटवार को लेकर राज्य सरकार में मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता का एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को खुद देख रही है और मामले को गंभीरता से ले रही है। जो पुल गिरे हैं, वे पुराने पुल थे। फिर भी अगर कोई भी इंजीनियर और ठेकेदार दोषी पाया गया तो उनपर कार्रवाई की जाएगी और रकम की वसूली की जाएगी।

अलग-अलग जिलों में पुल गिरने के मामलों पर विपक्षी दलों के हमले को लेकर बिहार सरकार में मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में दोषी कोई भी हो चाहे इंजीनियर या फिर ठेकेदार किसी की नहीं छोड़ा जाएगा। पंचायत राज विभाग के मंत्री और बीजेपी नेता केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार में अब तक जो भी पुल गिरे हैं, उनमें ज्यादातर पुल पुराने हैं और कई दशक पुराने हैं। उन्होंने कहा कि कुछ निर्माणाधीन पुल गिरे हैं। बिहार की सरकार इस मामले में बेहद गंभीर है और मामले में जांच करवा रही है। जांच के बाद जो भी दोषी होगा, उसको बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही इस ला-परवाही में जो भी ठेकेदार दोषी होगा, उससे खर्च की वसूली कर भरपाई करवाई जाएगी। सरकार लापरवाही मामले में किसी को भी छोड़ने नहीं जा रही है।



# बेगूसराय में नदी में स्नान करते वक्त चार छात्राएं डूबीं, तीन लड़कियां बचाई गईं, एक की मौत

**बेगूसराय (एजेंसियां)।**

बेगूसराय में बलान नदी में स्नान करने के दौरान चार छात्राएं डूब गईं। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने तीन छात्राओं को किसी तरह पानी से बाहर निकाल कर बचा लिया गया। जबकि एक छात्रा की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। छात्रा की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना तेघड़ा थाना क्षेत्र के खिदिरचक बलान नदी की है। मृत छात्रा की पहचान खिदिरचक गांव निवासी रंजीत पासवान की बेटी लक्ष्मी कुमारी के रूप में की गई है।परिजनों ने बताया कि घर से चार छात्राएं बलान नदी में स्नान करने के लिए गई थीं। स्नान करने के दौरान चारों छात्राएं गहरे पानी में चली गईं, जिससे चारों डूबने लगीं। एक छात्रा पहले किसी तरह तैरकर बाहर निकली और चिल्लाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सभी छात्राएं डूब रही हैं। आनन-फानन में लोगों ने बलान नदी में कूदकर डूब रही तीन छात्राओं को किसी तरह पानी से निकालकर उनकी जान बचाई। जबकि एक छात्रा लक्ष्मी कुमारी को नहीं बचाया जा सका, जिससे बलान नदी में डूबकर उसकी मौत हो गई। हालांकि काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने लक्ष्मी के शव को बलान नदी के पानी से बरामद कर लिया।



वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि अधिक बारिश होने के कारण बलान नदी में ज्यादा पानी हो गया है, जिसके कारण से यह हादसा हुआ है। लोगों ने यह भी बताया कि यह बलान नदी खतरनाक है। इस जगह कई लोगों की इससे पहले भी डूबने से मौत हो चुकी है। फिलहाल इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तेघड़ा थाना पुलिस को दी। मौके पर तेघड़ा थाना पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। उसके बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार जान गंवाने वाली छात्रा कक्षा छह में पढ़ाई करती थी।

# बसपा अध्यक्ष आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**चेन्नई (एजेंसियां)।**

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या मामले में नया पहलू सामने आया है। हत्या में शामिल एक आरोपी कल देर शाम चेन्नई में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि तिरुवेंगदम को आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया था। तभी उसने बरामद बंदूक से पुलिस अधिकारियों पर गोली चलानी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

सूत्रों का कहना है, पुलिस की जवाबी गोलीबारी में आरोपी घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कहा, 'आरोपी ने सरेंडर कर दिया था। मगर फिर भी वह आज मुठभेड़ में मारा गया। उसकी हत्या क्यों कर दी गई? इससे आर्मस्ट्रॉन्ग मर्डर केस में संदेह पैदा होता है। आर्मस्ट्रॉन्ग का परिवार भी संदेह उठा रहा है।'

इस हत्या की वारदात के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर ने बताया था कि बसपा नेता आर्मस्ट्रॉन्ग की शुक्रवार शाम सवा सात बजे उस समय हत्या कर दी गई, जब वह यहां पेरंबूर में बन रहे अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान इस हमले में उनके साथ मौजूद चार लोग भी घायल हो गए। पुलिस कमिश्नर ने कहा था कि आर्मस्ट्रॉन्ग को उनके समर्थकों ने स्थानीय अस्पताल पहुंचाया था और बाद में वहां उनकी मौत हो गई।

पुलिस को संदेह है कि पिछले साल गैंगस्टर अर्कोट सुरेश की हत्या से यह मामला जुड़ा हो



सकता है। हो सकता है कि सुरेश की हत्या का बदला लेने के लिए आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या की गई हो। उत्तरी चेन्नई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) असरा गर्ग ने बताया था, 'हम पूछताछ कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पूर्व में की गई हत्या के कारण यह हत्या की गई है। हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। हमने सात खून से सने हथियार, एक जोमैटो टी-शर्ट, एक जोमैटो बैग और तीन बाइक जब्त की हैं, जिनका अपराध करने में इस्तेमाल किया गया था।'

एसीपी गर्ग ने कहा था, 'चेन्नई पुलिस द्वारा गठित विशेष टीमों ने तीन और संदिग्धों को पकड़ा है। अब तक की जांच से पता चलता है कि अगस्त 2023 में आर्कोट सुरेश की एक गिरोह ने हत्या कर दी थी। सुरेश के परिवार और सहयोगियों का मानना है कि यह आर्मस्ट्रॉन्ग के निर्देश पर या उनके द्वारा रची साजिश के तहत किया गया था। आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या आर्कोट सुरेश के सहयोगियों ने की थी। इस पूरे मामले में सुरेश का भाई भी शामिल था, जिन्हें हमने गिरफ्तार कर लिया है। चेन्नई पुलिस ने मामले की व्यापक जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया है।'

इससे पहले शनिवार को ग्रेटर चेन्नई के पुलिस आयुक्त संदीप राय राठौर ने बसपा नेता की हत्या के मामले में किसी भी राजनीतिक पहलू से इनकार किया था।

इस हत्या की वारदात के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर ने बताया था कि बसपा नेता आर्मस्ट्रॉन्ग की शुक्रवार शाम सवा सात बजे उस समय हत्या कर दी गई, जब वह यहां पेरंबूर में बन रहे अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान इस हमले में उनके साथ मौजूद चार लोग भी घायल हो गए। पुलिस कमिश्नर ने कहा था कि आर्मस्ट्रॉन्ग को उनके समर्थकों ने स्थानीय अस्पताल पहुंचाया था और बाद में वहां उनकी मौत हो गई।

वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। उन्होंने दावा किया था कि अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असली अपराधी नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से पीड़िता को न्याय सुनिश्चित करने के लिए जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया था।


### पूर्णिया में जमीन विवाद को लेकर जघन्य अपराध

# बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर की बुजुंग मां की हत्या

**पूर्णिया (एजेंसियां)।**

पूर्णिया में जमीन को लेकर बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर मां की हत्या कर दी। आरोपी ने लोहे के हथौड़े से मां के सिर पर हमला किया, जिससे बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मां को बचाने गए छोटे बेटे और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पूर्णिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से आरोपी बेटा घर छोड़कर फरार है।

इधर, घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। उसके बाद आरोपी की धर-पकड़ में जुट गई। यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के इटहरी गांव की है।



मृतका की पहचान इटहरी गांव निवासी परमानंद भगत की पत्नी ललिता देवी (70) के रूप में की गई। वहीं, घायलों की पहचान छोटे बेटे आलोक भगत और उसकी पत्नी मधु देवी के तौर पर की गई है।

मृतका के पति परमानंद भगत ने बताया कि गांव में ही उन्होंने दो बेटों के लिए दो मंजिला मकान बना रखा है। इसे उन्होंने दोनों बेटों में बराबर बांट दिया है। गांव की ढाई एकड़ जमीन उन्होंने अपने पास रखी है। इसका बंटवारा नहीं किया। इसी जमीन को लेकर अकसर घर का बड़ा बेटा कृष्ण जायसवाल और उसकी पत्नी उनसे झगड़ते हैं। एक महीने पहले भी इसी को लेकर घर में झगड़ा हुआ था। उसके बाद बड़ा बेटा और बहू कुछ दिनों के लिए सस-ुराल चले गए थे। कुछ दिन रहकर दोनों वापस लौट आए।

उन्होंने बताया कि आज सुबह मैं चाय पीने घर से गांव में निकला था। घर लौटने पर लोगों की भीड़ देखी। अंदर जाने पर पत्नी की खून से लथपथ लाश दिखी। सिर पर हथौड़े से हमले के निशान थे। कुछ ही दूरी पर छोटा बेटा और बहू दोनों जमीन पर खून से सने पड़े थे। दोनों ने धीमी आवाज में बताया कि बड़े भाई कृष्ण जायसवाल और उसकी पत्नी ने मां को हथौड़े से मार डाला। दोनों बचाने गए तो उनपर भी हथौड़े से हमला कर दिया।

## बागमती का जलस्तर बढ़ने पर कई पंचायतों का संपर्क टूटा

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

मुजफ्फरपुर में रविवार को हुई बारिश और नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात से एक बार फिर बागमती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है।

बागमती का जलस्तर बढ़ने से निचले हिस्से में बाढ़ का असर देखा जा रहा है। इसकी वजह से कटरा प्रखंड में बकुची में पीपा पुल पर वाहनों का परिचालन बंद हो गया है। लोग जान जोखिम में लेकर अभी भी आवाजाही कर रहे हैं।

स्थानीय किसानों, मजदूरों और व्यवसायियों में बाढ़ को लेकर दहशत की स्थिति बनी हुई है। यही नहीं बल्कि कटरा के बकुची डिग्री कालेज में भी पानी घुस गया है। इसके साथ ही स्कूल में भी पानी घुस जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है।

# नालंदा में नारियल गोदाम में लगी भीषण आग, करीब 45 लाख की संपत्ति का नुकसान

**पटना (एजेंसियां)।**

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के साठोपुर मोहल्ला स्थित विकास ट्रेडर्स नामक नारियल और मूंगफली के गोदाम में शनिवार की रात अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे के कारण गोदाम में रखा करीब 45 लाख रुपये मूल्य का सूखा नारियल, मूंगफली और बादाम जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दूर से ही इसका विकराल रूप दिख रहा था।

पीड़ित विकास ट्रेडर्स के संचालक विकास कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम वह गोदाम बंद कर घर चले गए थे। रात के करीब 12 बजे के आसपास स्थानीय लोगों ने गोदाम से आग की लपटें और धुंआ निकलता हुआ देखा।

आग लगने की सूचना उन्हें स्थानीय लोगों से पता चली। फिर आनन-फानन में वह अपने भाई शशिभूषण कुमार और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गोदाम पर पहुंचे। फिर अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी गई।



सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोदाम में लगी आग पर काबू पाया गया।

हालांकि तब तक गोदाम में रखा नारियल और मूंगफली जलकर राख हो चुका था। पीड़ित आशंका व्यक्त कर रहें हैं कि शॉर्ट सर्किट की वजह से गोदाम में आग लगी है, जिसके कारण करीब 45 लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

वहीं, इस मामले में दीपनगर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई। फिलहाल पीड़ित क्षति के आंकलन में जुटे हुए हैं। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बताई जा रही है।

# नेशनल हाइवे पर दो गाड़ियों की टक्कर में पांच की मौत, 10 घायल

**किशनगंज (एजेंसियां)।**

किशनगंज में दर्दनाक सड़क हादसे में आधा दर्जन लोगो की मौत हो गई। घटना जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र की है, जहां राष्ट्रीय उच्च पथ 327 ई पर पेटभरी चौक के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और डंपर में टक्कर हो गया। इस घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

स्थानीय लोगो के मुताबिक हादसे में चार महिलाओं के साथ-साथ एक मासूम और स्कॉर्पियो चालक की मौत हो गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पांच लोगो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक मासूम की मौत किशनगंज चत्रळ्व् मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हो गई है। वही पांच मासूम बुरी तरह घायल है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस का कहना है कि मृतक अररिया जिले के जोकिहाट के रहने वाले हैं, जो सिलीगुड़ी की तरफ जा रहे थे।



हादसा के बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और स्कॉर्पियो में फंसे चालक को किसी तरह से बाहर निकाला गया।

घटना के संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अहमद हुसैन ने बताया कि मृतक सभी एक ही परिवार के थे और मासूमों के सर से परिजनों का साया उठ गया है।

घटना के बाद मौके पर एसडीप-ीओ मंगलेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी पहुंचे है और पुलिस के द्वारा अग्रतर कारवाई की जा रही है।

मृतकों की पहचान जोकीहाट थाना क्षेत्र के महादेवा निवासी शाहबुद्दीन के पुत्र स्कॉर्पियो चालक मो.इरशाद (30), अरतिया निवासी अबसर के पुत्र मो. अफ्फान (4), निवासी बागमारा निवासी मो खुर्शेद की पत्नी गुलशन आरा (27), थपकोल निवासी मुजाहिद की पत्नी गुड़िया बेगम (13) और बागमारा निवासी आयान (8 वर्ष) के रूप में की गई है।

### उन्नाव हादसे के बाद बिहार में एक्शन

# 24 घंटे में 252 बसें जब्त, लापरवाह अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

**पटना (एजेंसियां)।**

उन्नाव हादसे के बाद बिहार की कई बसें बिना परमिट और बीमा के ही चल रही हैं। खबर के बाद बिहार सरकार एक्शन में आई है। अब बिहार सरकार अवैध रूप से चल रहे बसों पर कार्रवाई कर रही है। पिछले 24 घंटे में परिवहन विभाग ने राज्य में 252 बसों पर कार्रवाई की है। इनके मालिकों से 47.87 लाख रुपयो जुर्माना वसूला गया।

इतना ही नहीं अवैध पाए गए 26 बसों को जब्त भी गया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी डीटीओ, एमवीआई को लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश



दिया है। साथ ही यह अभी कहा कि अगर कोई बस बिना फिटनेस, परमिट, स्पीट लिमिट डिवाइस के चलती पाई गई तो इसके लिए दोषी जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीक्षक जिम्मेदार होंगे।

सीतामढ़ी, शिवहर गोपालगंज से दर्जनों की संख्या से अधिक स्लीपर डबल डेकर बसें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व अन्य राज्यों के बड़े शहरों तक जाती हैं। हालांकि, इसके मानक का ख्याल बिलकुल नहीं रखा जाता है। लंबी दूरी की इन बसों में से ज्यादातर में पुरानी बसों में ही मनमाना बदलाव कर डबल डेकर बनाकर चलाई जाती हैं। बस में बदलाव के लिए एमवीआई से मंजूरी भी नहीं ली जाती। बिना मंजूरी मनमाने बदलाव के बाद भी अवैध बसों का फिटनेस एमवीआई कार्यालय से पास हो जाता है और इस आधार पर इन्हें टूरिस्ट परमिट मिल जाता है। टूरिस्ट परमिट पर ही ये लोग परिचालन करते है। इन बसों में क्षमता से अधिक सवारियों को ठूंसकर बैठाया जाता है। एक बस में 70 से 80 यात्रियों को ढोया जाता है। मनमाना बदलाव कर डबल डेकर बनाई गई बसों को लोहे के चादर और प्लाइवुड से पैक कर दिया जाता है। इनमें न इमरजेंसी गेट बनाया जाता और न स्पीड गवर्नर लगा होता है।

# भागलपुर में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म

### प्रेमी ने दोस्तों के साथ मिलकर की दरिंदगी

**पटना (एजेंसियां)।**

भागलपुर में नाबालिग लड़की के साथ दरिंदगी हुई है। इस घिनौनी हरकत को अंजाम किसी और ने नहीं बल्कि उसके प्रेमी ने दी है। वह भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर। प्रेमी ने उसे मिलने के हवाई अड्डा मैदान बुलाया। कुछ देर बातचीत के बाद उसके साथ गंदी हरकत करने लगा। लड़की ने विरोध किया तो उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। अब लड़की और उसके परिजनों ने न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

घटना तिलकामांझी थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि छात्रा 11 जुलाई गुरुवार की शाम अपने प्रेमी से मिलने मिलने गई थी, जहां पहले से ही उसके तीन अन्य दोस्त मौजुद थे। लड़की को



पहले ही कुछ अनहोनी होने की भनक थी। हालांकि, प्रेम प्रसंग के कारण उसने अपने प्रेमी से कुछ भी नहीं कहा। इसके बाद वे दोनों आपस में बातचीत करने पहले प्रेमी ने उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की। इसका विरोध करने पर अन्य साथियों ने मिलकर नाबालिग के साथ बलात्कार किया। इस दौरान लड़की चीखती-चिल्लाती रही लेकिन किसी ने उसकी एक न सुनी। घटना के बाद पीड़िता ने आपबीती मां से सुनाई तो वह भी हैरान रह गई। इसके बाद 12 जुलाई शनिवार को तिलकामांझी थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़िता को महिला थाने भेज दिया। महिला थाना प्रभारी किरण सोनी ने शनिवार को पीड़ित छात्रा का सदर अस्पताल में मेडिकल कराकर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। दोनों के मोबाइल की भी जांच की जा रही है। मामले की जांच चल रही है।

# मां के सिर पर हथौड़े से हमला, मौत, बेटा-बहू फरार

**पूर्णिया (एजेंसियां)।**

पूर्णिया में बेटे कृष्ण जायसवाल ने पत्नी पूजा देवी के साथ मिलकर मां ललिता देवी (70) की हत्या कर दी। बेटे ने हथौड़े से मां के सिर पर हमला किया। इससे मां की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मां को बचाने गए छोटे बेटे आलोक भगत और उसकी पत्नी मधु देवी पर भी हथौड़े से हमला किया, जिसके कारण दोनों घायल हो गए। नाजुक हालत में दोनों का इलाज पूर्णिया के निजी अस्पताल में चल रहा है। दोनों वेंटिलेटर पर हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद बेटा और बहू घर छोड़कर फरार हैं। घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के इटहरी गांव की है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है।

मृतका के पति परमानंद भगत ने बताया कि गांव में ही उन्होंने दो बेटों के लिए दो मंजिला मकान बना रखा है। इसे उन्होंने दोनों बेटों में बराबर बांट दिया है। वहीं गांव की ढाई एकड़ जमीन उन्होंने अपने पास रखा है। इसका बंटवारा नहीं किया। इसी जमीन को लेकर अक्सर घर का बड़ा बेटा कृष्ण जायसवाल और उसकी पत्नी उनसे झगड़ते हैं। एक महीने पहले भी इसी को लेकर घर में झगड़ा हुआ था। इसके बाद बड़ा बेटा और



बहू कुछ दिनों के लिए ससुराल चले गए थे। कुछ दिन रहकर दोनों वापस लौट आए। वहीं आज सुबह मैं चाय पीने घर से गांव में निकला था। घर लौटने पर लोगों की भीड़ देखी। अंदर जाने पर पत्नी की खून से लथपथ लाश दिखी। सिर पर हथौड़े से हमले के निशान थे। कुछ ही दूरी पर छोटा बेटा और बहू दोनों जमीन पर खून से सने पड़े थे। दोनों ने धीमी आवाज में बताया कि बड़े भाई कृष्ण जायसवाल और उसकी पत्नी ने मां को हथौड़े से मार डाला। दोनों बचाने गए, तो उनपर भी हथौड़े से हमला कर दिया।

# पशुपति पारस का दफ्तर छिनने के पीछे किसकी साजिश?

### पार्टी के नेता ने बताई अंदर की बात, सियासत हुई तेज

**पटना (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के राज्य कार्यालय भवन का आवंटन रद्द करने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने बड़ा बयान दिया है।

श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि आदेश नियम के विपरीत है। सरकार के कुछ खास लोगों की मिली भगत से कार्यालय भवन का आवंटन रद्द करने का आदेश दिया गया है, लेकिन अब तक पार्टी को भवन खाली करने का कोई



लिखित निर्देश नहीं मिला है। पशुपति पारस ने इस मामले में नाराजगी भी जताई है।

वहीं, इस मामले में अब हाईकोर्ट ने नीतीश सरकार से जवाब भी मांगा है। अब न्यायालय का फैसला ही मान्य होगा। शनिवार को पार्टी के प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह व अम्बिका प्रसाद बिनु ने संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकार सम्मेलन में यही बात कही।

श्रवण अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि रालोजपा कार्यालय का भवन, जो लोक जनशक्ति पार्टी के नाम से था, का आवंटन को भवन निर्माण विभाग द्वारा रद्द किए जाने का फैसला पूरी तरह से नियम के विपरीत है।

निर्वाचन आयोग ने रालोजपा को बिहार में राज्यस्तरीय पार्टी का मान्यता दे रखी है। बिहार सरकार के गाइडलाइन के अनुसार राल-ोजपा कार्यालय के लिए भवन आवंटन का अधिकार रखती है। 2010 के बाद से रालोजपा को यह भवन आवंटित है।

उन्होंने बताया कि रालोजपा के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में 28 जुलाई को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना में बुलायी गयी है जिसमें पार्टी के आगे के कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

# कीटनाशक पीकर महिला ने की खुदकुशी

### पति-पत्नी के बीच बीती शाम हुई थी कहासुनी

**पटना (एजेंसियां)।**

नालंदा में एक महिला ने शनिवार की शाम कीटनाशक पीकर खुदकुशी कर ली। मामला बेन थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव का है। मृतका की पहचान धर्मवीर कुमार की पत्नी आशा कुमारी (24) के रूप में की गई है। रविवार की सुबह परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्प-ताल पहुंचे।

मृतका के परिजन ने बताया कि शनिवार की शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। फिर धर्मवीर कुमार घर से बाहर चला गया। इसके बाद आशा कुमारी ने घर में रखी कीटनाशक पी ली। घर के अन्य सदस्य जब कमरे में गए तो देखा कि आशा कुमारी अचेत होकर



जमीन पर पड़ी हुई और मुंह से झाग निकल रहा है। उसके बाद आनन-फानन में बेहोशी की हालत में आशा कुमारी को इलाज के लिए सिलाव के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई।

गांव में चर्चा है कि धर्मवीर कुमार का किसी युवती से अवैध संबंध चल रहा है। इसके कारण महिला की अक्सर उसके पति से कहासुनी होती रहती थी। इसी बात को लेकर महिला आहत हो गई और कीटनाशक पीकर खुदकुशी कर ली।

वहीं, इस मामले में बेन थानाध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि कीटनाशक दवा पीकर आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या जांच में यह बात सामने आई है कि पति का किसी से अवैध संबंध चल रहा था, जिससे आहत होकर महिला ने खुदकुशी की है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेल में विचाराधीन कैदी की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया, जेल प्रशासन पर लगाया हत्या का आरोप

**छपरा (एजेंसियां)।**

जेल प्रशासन द्वारा आए दिन कैदियों से मारपीट और उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगता रहा है। लेकिन इस बार छपरा मंडल कारा में जेल प्रशासन पर शराबी युवक की मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप मृतक के परिजनों द्वारा लगाया गया है। आरोप है कि जेल में विचाराधीन कैदी की मौत अत्यधिक पिटाई के कारण हुई है। न्यायिक हिरासत में रह रहे विचाराधीन कैदी युवक की मौत होने के बाद उसके परिजनों ने सदर अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना मिलने पर स्थानीय भगवान बाजार और नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों को समझाने-बुझाने में जुट गई। जानकारी के मुताबिक,



भगवान बाजार क्षेत्र के ब्रह्मपुर मोहल्ले के नजदीक चार दिन पहले यानी 10 जुलाई की देर शाम सुनील राय नामक एक युवक को पुलिस ने नशे की हालत में गिरफ्तार किया था। उसके बाद नियमानुसार पुलिस अधिकारियों द्वारा मेडिकल जांच कराने के बाद उसे मंडल कारा छपरा भेज दिया गया था। लेकिन शनिवार की देर रात को अचानक सुनील की तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद जेल प्रशासन द्वारा इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां आते ही आक्रोशित हो गए और सदर अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि जेल और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से युवक की बेरहमी से पिटाई की गई है, जिस कारण उसकी मौत हो गई है। हालांकि पुलिस के उच्च अधिकारी अब तक इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इधर, परिजन जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि अस्पताल में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# जयनगर, रक्सौल से समस्तीपुर के रास्ते चलेगी सावन मेला स्पेशल

### सरायगढ़ से देवघर के लिए भी होगा परिचालन

**समस्तीपुर (एजेंसियां)।**

सावन में देवघर जाने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे प्रशासन ने सावन के मौके पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ के नियंत्रण के लिए समस्तीपुर के रास्ते रक्सौल और जयनगर से देवघर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसके अलावा मंडल के सरायगढ़ से देवघर के बीच भी स्पेशल ट्रेन का परिचालन पहली बार होगा।

रेलवे के अनुसार सावन में सुल्तानगंज और देवघर जाने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे तीन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने जा रही है।

रक्सौल-देवघर एक्सप्रेस ट्रेन रविवार, मंगलवार और गुरुवार को रवाना होगी। रक्सौल से 5.15 सुबह को खुलेगी। विभिन्न स्टेशनों पर रुकती हुई समस्तीपुर 9.50 पहुंचेगी। समस्तीपुर से खुलकर यह ट्रेन बरौनी, किउल, लखीसराय, जमुई, झाझा, और जसीडीह होते हुए देवघर 16:45 में ट्रेन पहुंचेगी। जबकि देवघर से यह ट्रेन 17:45 में यह रवाना होगी। यह ट्रेन रात में 2:40 बजे समस्तीपुर जंक्शन आएगी।

इसी तरह जयनगर आसनसोल एक्सप्रेस 05597/98 संख्या के साथ रवाना होगी। गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को यह ट्रेन चलेगी। जयनगर से 22:00 बजे खुलेगी और आसनसोल 11:30 में पहुंचेगी। समस्तीपुर यह ट्रेन रात में 12:45 बजे आएगी।

वहीं, रेलवे मंडल के सरायगढ़ देवघर एक्सप्रेस 055 73/74 संख्या के साथ रवाना होगी। सरायगढ़ से यह ट्रेन 3.05 में खु-लेगी।

देवघर 11:30 में पहुंचेगी। 11:45 में देवघर से खुलकर 22.15 में सरायगढ़ पहुंचेगी। 21 जुलाई से यह ट्रेन रवाना होगी, जिसमें सामान्य डब्बे रहेंगे।

समस्तीपुर-दुर्ग के बीच भी चलेगी वन-वे स्पेशल-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर- छपरा-वाराणसी-प्रयागराज-कटनी-रायपुर के रास्ते गाड़ी सं. 05599 समस्तीपुर-दुर्ग वन-वे स्पेशल 15 जुलाई से समस्तीपुर से चलेगी। समस्तीपुर से यह ट्रेन शाम 17.00 बजे खुलकर 17.50 बजे मुजफ्फरपुर, 18.50 बजे हाजीपुर, 20.45 बजे छपरा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 21.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का एक, शयनयान श्रेणी के 14 और साधारण श्रेणी के तीन कोच होंगे।

मऊ-हटिया के बीच भी चलेगी स्पेशल ट्रेन- हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-जसीडीह-चितरंजन-धनबाद के रास्ते गाड़ी सं. 05182 मऊ-हटिया वन-वे स्पेशल 15 जुलाई से चलेगी। मऊ जंक्शन से यह ट्रेन शाम 17.15 बजे खुलकर 21.10 बजे हाजीपुर 22.15 बजे मुजफ्फरपुर, 23.30 बजे समस्तीपुर, 00.35 बजे बरौनी सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 14.30 बजे हटिया पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 15 कोच होंगे।

# नालंदा में करंट लगने से दो लोगों की मौत

**पटना (एजेंसियां)।**

नालंदा में शनिवार की रात करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। मामला खुदागंज थाना क्षेत्र के केवाली गांव का है। मृतकों की पहचान सुरेश यादव के बेटे हरेंद्र यादव (25) और लालजी यादव के बेटे ब्रह्मदेव यादव (59) के रूप में की गई है। रविवार की सुबह परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। दोनों रिश्ते में पत्नी के भाई और बहनोई लगते थे।

मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार की रात हरेंद्र यादव गांव के ही ब्रह्मदेव यादव के बोरिंग स्थित कुंए में मोटर ठीक करने गया था। जहां हरेंद्र यादव करंट के संपर्क में आ गया, जिसे बचाने के दौरान ब्रह्मदेव यादव भी करंट से झुलस गए। उसके बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने दोनों को करंट से मुक्त कराते हुए इलाज के लिए निजी क्लिनिक ले गए। जहां डॉक्टर द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com